समस्या | विद्यार्थियों की पढ़ाई हो रही प्रभावित, सड़क निर्माण की मांग

# सड़क मार्ग बन रहा बच्चों की पढ़ाई में बाधा



**सुकरी मंगेला, नवभारत।** शासकीय बालक हाई स्कूल सुकरी में करीब 30 से 40 बच्चे सिल्वा एवं बामणी के आते हैं जो रोड खराब होने के कारण परेशान होते हैं, एवं साइकिल से चलने पर गड्ढे होने के कारण गिर जाते हैं।

बताया जाता है कि यह मार्ग करीब आज से 15 साल पहले चालू होने वाला था लेकिन तकनीकी गड़बड़ी के कारण यह रोड टेमर नदी के नाम से टेमर गांव पर बन गया और सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है। अब यहां के लोग इंतजार कर रहे हैं कि सुकरी से सिल्वा डेढ़ किलोमीटर का रोड एवं नदी का रपटा बन जाए तो बच्चों की पढ़ाई में सुविधा हो जाएगी। अभी बारिश के दिनों में बच्चों को 6 किलोमीटर घूम कर टेमर से घूम कर आना पड़ता है जिससे बच्चों को मिडिल एवं हाईस्कूल की शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है।

**इनका कहना है**

यह जानकारी हम जिले के सीईओ को दे चुके हैं, आगामी वर्षों में रोड बनने की संभावना है।

**बृजेश पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत सुकरी**



# किसान संघ का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा

**भुगतान नहीं तो आंदोलन और होगा तेज, दी चेतावनी**

**मझौली ( जबलपुर )।** भारतीय किसान संघ तहसील इकाई मझौली द्वारा किसानों की लंबित फसल भुगतान एवं खरीदी व्यवस्था की गंभीर अव्यवस्थाओं को लेकर शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहा। धरनास्थल पर बड़ी संख्या में किसान एकत्र हुए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

किसान संघ का कहना है कि वर्ष 2022-23 की मूंग, 2024-25 की धान तथा वर्तमान खरीदी वर्ष 2025-26 के भुगतान और तौल रसीदों से जुड़ी समस्याओं को लेकर बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण किसान आंदोलन के लिए मजबूर हुए हैं। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक सभी लंबित भुगतानों का भुगतान, तौल रसीद जारी करने और खरीदी व्यवस्था सुधारने के ठोस आदेश नहीं मिलते, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। आंदोलन के दूसरे दिन भी माहौल गर्म रहा और किसानों ने एकजुटता दिखाई।

# अस्पताल से रैबीज वैक्सीन गायब, जिम्मेदार बेखबर

**पशुपालन उपसंचालक और अस्पताल प्रभारी की कार्यप्रणाली कटघरे में**




**मझौली/जबलपुर।** शासकीय पशु चिकित्सालय में कुत्तों के लिए रैबीज और पिस्सू नियंत्रण जैसी जीवनरक्षक दवाओं का पूरी तरह अभाव अब केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से खुला अपराध बनता जा रहा है। सबसे गंभीर सवाल यह है कि जब रेबीज जैसी घातक बीमारी सीधे इंसानों की जान से जुड़ी है, तो दवाएं खत्म होने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

पशुपालन विभाग के उपसंचालक क्या जिले में दवा आपूर्ति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं या सिर्फ कागजों में सब कुछ 'उपलब्ध' दिखाया जा रहा है? शासकीय पशु चिकित्सालय प्रभारी ने दवाएं खत्म होने की सूचना समय रहते वरिष्ठ अधिकारियों को क्यों नहीं दी ?जिला प्रशासन को क्या इस गंभीर खतरे की जानकारी है, या फिर किसी मौत के बाद ही फाइल खुलेगी ? स्थानीय लोगों का आरोप है कि महीनों से अस्पताल में केवल 'दवा नहीं है' का रटा-रटाया जवाब दिया जा रहा है। मजबूरन लोगों को निजी क्लीनिकों में हजारों रुपये खर्च कर वैक्सीन लगवानी पड़ रही है। सवाल उठता है—क्या शासकीय अस्पताल आम जनता के लिए हैं या सिर्फ सरकारी रिकॉर्ड भरने के लिए ?यदि किसी बच्चे या नागरिक को कुत्ता काट ले और समय पर रेबीज वैक्सीन न मिले, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा—अस्पताल प्रभारी, पशुपालन विभाग, या जिला प्रशासन ?अब जनता जवाब नहीं, तत्काल दवा आपूर्ति और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई चाहती है।



# विंध्यवासिनी मंदिर में सुहागिलें का आयोजन

**पनागर, नवभारत।** प्रताप वार्ड स्थित प्रसिद्ध विंध्य वासिनी मंदिर में माताओं एवं बहनों के द्वारा सुहागिलें एवं भव्य महा आरती का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की और विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना की। सुहागिलें कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने माता विंध्य वासिनी से परिवार की सुख-समृद्धि, पति की दीर्घायु एवं खुशहाली की कामना की।

इसके बाद सामूहिक रूप से महा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। महा आरती के समय भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक हो गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में वार्ड की माताओं एवं श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

# विकृति बचाव शिविर में मरीजों को मिला लाभ

**पाटन, नवभारत।** कुष्ठ पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को शासकीय अस्पताल पाटन में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ पारस ठाकुर की उपस्थिति एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ आदर्श विश्नोई सर के मार्गदर्शन में बी पी एम,बी सी एम और समस्त आशा एवं आशा सुपरवाइजर की उपस्थिति में विकृति बचाव शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित 13 कुष्ठ मरीजों की जांच कर उनका उपचार कराया गया। जिला से आर एस पटेल, अरविंद उपाध्याय,एन एम ए ने स्थानीय एन एम ए राज कुमार दुबे का सहयोग प्रदान कर मरीजों को सेवाएं प्रदान की गईं।



# जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक की सहभागिता



**नवभारत,जबलपुर।** बुधवार को जैव प्रौद्योगिकी विभाग, माता गुजरी महिला महाविद्यालय (स्वायत्त) द्वारा सरवर्थ ग्रुप के सहयोग से जैव प्रौद्योगिकी कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जैव प्रौद्योगिकी विद्यार्थियों में उद्योगोन्मुखी कौशल का विकास करना था।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पवाहा, प्राचार्य डॉ. संगीता झांभ, एवं कुलसचिव डॉ. सत्येन्द्र कुरारलिया के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. श्यामजी शुक्ला के कुशल निर्देशन में कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया गया।इसके बाद जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ. सोनल सरीन पाठक द्वारा कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। सरवर्थ ग्रुप के सदस्यों का परिचय वैष्णवी द्वारा दिया गया तथा मंच संचालन सुश्री साक्षी जायसवाल द्वारा किया गया। जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए उद्योगिक अनुभव एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने में अत्यंत उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध हुआ।

इस मौके पर सरवर्थ ग्रुप से श्याम मोहन शर्मा (मुख्य परिचालन अधिकारी - ) एवं अंकित द्विवेदी (ऑपरेशंस हेड) , हिमांशु खरे की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. श्यामजी शुक्ला, डॉ. सोनल सरीन पाठक, सुश्री साक्षी जायसवाल, सुश्री वैष्णवी, सुश्री श्रीति श्रीवास्तव एवं श्रीमती दर्शन कौर (प्रयोगशाला तकनीशियन) का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम को सफल बनाने में ईडी सेल, आईपी सेल एवं टीपीओ विभाग की सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

## आज बिहरिया में निकलेगी श्रीराम महायज्ञ की शोभायात्रा

**नवभारत, बेलखाडू ( जबलपुर )।** कटंगी रोड पर सूरतलाई के समीप गांव बिहरिया में 5 फरवरी से आयोजित श्रीराम महायज्ञ के लिए दोपहर 12 बजे से भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। यज्ञाचार्य पं प्रियांश शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम महायज्ञ आयोजन के साथ 7 फरवरी से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन भी होगा।

**मंगेला में भागवत कथा जारी-** सूरतलाई के समीप ग्राम मंगेला में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह 2 फरवरी से कथा वाचक पं मुकेश कृष्ण जी महाराज द्वारा श्रोताओं को कथा सुनाई जा रही है। सभी से पहुंचने की अपील मुरारी लाल पटेल, महेश पटेल, बहादुर पटेल, अशोक पटेल ने की है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्यों पर मिला प्रशस्ति पत्र

**नवभारत, बेलखाडू।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर डॉ संजय मिश्रा एवं मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी पनागर डॉ संजय जैन के नेतृत्व में शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन एवं समाज के अंतिम पायदान तक, सरलता पूर्वक स्वास्थ्य सेवाओं, को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखाडू में पदस्थ डॉ पीयूष द्विवेदी, डॉ निशिमा सिद्दीकी, अजय कुमार चौबे, राकेश वर्मा, रेखा पटेल कों जिला चिकित्सालय मुख्यालय में सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखाडू में क्षेत्रीयजनों ने भी अस्पताल के स्टॉफ का अभिनंदन किया ।आयोजन के दौरान सरपंच गौरी शंकर पटेल, राकेश नगाइच,रवि पटेल,सतेन्द्र ठाकुर, रानू हरिनंखेड़े, नीलम विश्वकर्मा,पूजा सेन, शिखा शुक्ला,यशराज पटेल आदि उपस्थित रहे।




# महाराष्ट्र कॉलेज में बजट को लेकर किया गया मंथन

**नवभारत,जबलपुर।** देश की सुनियोजित आर्थिक प्रगति का दर्पण बजट होता है जिसमें आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान, संबंधी योजनाएं परिलक्षित की जाती हैं, जिसका उदेश्य सम्पोषित विकास सुनिश्चित करना है। उक्त उद्गार महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एवं महाकौशल विचार मंच प्रज्ञा प्रवाह के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पोस्ट बजट डिस्कशन में अध्यक्ष शासी निकाय डॉ जितेन्द्र जामदार ने व्यक्त किये। इस दौरान प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो. सदानंद सप्रे ने सामाजिक विकास में बजट की भूमिका को अधोरेखित किया। वहीं रा.दु.वि.वि. जबलपुर यू.आई. एम. के निदेशक प्रो आशीष शर्मा ने देश के आर्थिक नियोजन में बजट की प्रासंगिकता बताई। वहीं पी.एम.श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकौशल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.अल्केश चतुर्वेदी ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर संबन्धी प्रावधानों के विषय में बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह हजारी ने 'बजट पश्चात परिचर्चा' कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजा तिवारी एवं आभार डॉ. अर्चना साने ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# अपोलो हॉस्पिटल में कैंसर मुक्त मरीजों का किया गया सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** वर्ल्ड कैंसर डे अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन कैंसर मरीजो का सम्मान किया गया, जिनका इलाज अपोलो हॉस्पिटल में कैंसर विशेषज्ञों द्वारा किया गया था और अब वह पूरी तरह कैंसर मुक्त हो चुके हैं। अस्पताल के कैंसर विभाग प्रबंधन द्वारा कैंसर मुक्त मरीजों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर के डायरेक्टर शोभित बड़ेरिया ने कहा की कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से लड़कर जो मरीज आज समाज में सामान्य जीवन यापन करने लगे हैं।



ऐसे मरीज उन मरीजों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं जो अभी कैंसर की लड़ाई लड़ रहे हैं। पूरा समाज इन कैंसर मुक्त मरीजो का ऋणी रहेगा। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ शोभित बड़ेरिया, बिजनेस हेड नीलेश रावल, वाइस प्रेसिडेंट समृद्धि वर्मा, कैंसर डिपार्टमेंट के डॉ के सिवाश्री, डॉ श्रेयस रेड्डी, डॉ करुणाकर रेड्डी, डॉ बिस्वप्रकाश,असिस्टेंट मैनेजर रविकांत तिवारी सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# जनजातीय ज्ञान प्रणालियों एवं पशुपालन पर कार्यशाला आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, यह कार्यशाला सतत् विकास के लिए पशुधन प्रबंधन में जनजातीय ज्ञान प्रणालियां विषय पर जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र नादेपचिविवि जबलपुर एवं जनजातीय अनुसंधान एवं ज्ञान केंद्र नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई, जो आई सी ए आर ट्राइबल सब प्लान नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित है। पूरा कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राजेश कुमार वर्मा कुलगुरु रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 75 पशुपालक एवं 60 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम 5 तकनीकी सत्र में संपन्न हुआ तकनीकी सत्र में पधारे विषय विशेषज्ञ , डॉ प्रियसी दत्त कोऑर्डिनेटर ट्राईबल रिसर्च एंड नॉलेज सेंटर न्यू दिल्ली तथा राजाराम कटरा समाजसेवी ने अपने विचार प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान साझा किए।

इस मौके पर डॉ एस एस तोमर,डॉ मधु स्वामी, डॉ सुनील नायक, डॉ जी पी लखानी, डॉ एस के महाजन,डॉ बी राय, डॉ एस एस कारमोरे, डॉ शशिप्रधान, डॉ आर पी सिंह,डॉ माधुरी शर्मा, डॉ प्रीति मिश्रा , डॉ अक्षय गर्ग ,सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ सोना दुबे आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम डॉ सुदिप्ता घोष ,सह संयोजक डॉ रुचि सिंह , डॉ लक्ष्मी चौहान तथा विभिन्न कार्यों हेतु गठित समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा ।

# जबलपुर में आयोजित हुआ दो दिवसीय राष्ट्रीय होम्योपैथिक सेमीनार




**'डॉ सुनील मिश्र लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित'**

**नवभारत, जबलपुर।** टीम होम्यो इनसाइट जबलपुर द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय होम्योपैथिक सेमिनार का आयोजन जबलपुर में आयोजित किया गया। इस आयोजन में अनुश्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज जबलपुर का विशेष सहयोग रहा। होम्यो इनसाइट व एचएचएफ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होम्योपैथी के राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में मुंबई से आए डॉ मयूरेश महाजन ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कैंसर के मरीज़ के सफ़ल उपचार का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए कहा कि होम्योपैथी में भी सीमाओं के बावजूद उपचार का असीमित दायरा है ।यदि समय पर डायग्नोज़ हो जाए तो होम्योपैथी में भी उपचार संभव है। आयोजन में राष्ट्रीय होम्योपैथीक आयोग दिल्ली से डॉ आनंद चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में सभी चिकित्सकों का मार्गदर्शन एवं कठिन परिश्रम का संदेश दिया।

साथ ही अनुश्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के संचालक अनिरुद्ध विश्नोई, महात्मा गांधी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की संचालिका कृतिका वर्मा, मेडिकल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ पुष्पराज पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुनील मिश्र को होम्योपैथी जगत में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफ़ल मंच संचालन डॉ हेमन्त शुक्ला द्वारा किया गया।

**ये रहे उपस्थित**-दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में डॉ विकास त्रिपाठी, डॉ गिरीश त्रिपाठी, डॉ राहुल श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक भारद्वाज, डॉ कौशलेंद्र द्विवेदी, डॉ विक्रम चावला, डॉ सुनील पटेल, डॉ विद्या भूषण खरे, डॉ अतुल ताम्रकार, डॉ राजेश कौरव, डॉ हरिओम कौरव, डॉ अवनीश तिवारी, डॉ पवन पांडेय,डॉ आदित्य पचौरी, डॉ प्रणव शुक्ला के साथ साथ शहर के साथ साथ पूरे देश के महाविद्यालयों से पधारे वरिष्ठ चिकित्सक, पी जी एवं यू जी के छात्र छात्रायें शामिल हुए।